## बसंत पंचमी पर आज होगा सरस्वती पूजन

**नसीराबाद( निसं )।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आज युवक पठनालय परिसर में विद्यादायिनी माता सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 10:15 बजे प्रारंभ होगा। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन ज्ञान, विद्या और संस्कृति को समर्पित रहेगा। पूजा-अर्चना के दौरान माता सरस्वती का स्मरण कर विद्या, विवेक और सद्बुद्धि की कामना की जाएगी। कार्यक्रम में युवक पठनालय के सभी सदस्य एवं नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। संस्था के पदाधिकारियों ने नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और माता सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। कार्यक्रम की जानकारी अध्यक्ष प्रवीण चंद्र गदिया, महामंत्री राजेंद्र राठी, उपाध्यक्ष ललित राठी, पवन सेठी एवं राघव तेला, कोषाध्यक्ष बंसीलाल कुमावत तथा मंत्री लक्ष्मण सैनी ने दी।

# 6 करोड़ 43 लाख के नाला विकास कार्यों का शुभारंभ, रामगंज और अजयनगर क्षेत्र को मिलेगी बड़ी राहत

**अजमेर,( कासं )।** दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में बरसाती जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुरुवार को कुल 6 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत से दो प्रमुख नाला निर्माण व नवीनीकरण कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने रामगंज एवं अजयनगर क्षेत्र में पूजा-अर्चना कर इन विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

रामगंज क्षेत्र में कन्हैया हलवाई के पास नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। विधायक अनिता भदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस नाले की कुल लंबाई 476 मीटर होगी तथा इसके निर्माण पर 313.66 लाख रुपये की लागत आएगी। यह नाला गढ़ी मालियान नाले से जुड़ेगा, जिससे वर्षा



विधायक अनिता भदेल ने रामगंज एवं अजयनगर क्षेत्र में पूजा-अर्चना कर विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

ऋतु में पानी की सुचारू निकासी सुनिश्चित हो सकेगी।

विधायक भदेल ने कहा कि रामगंज का यह नाला लंबे समय से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था। बरसात के दौरान गंदा पानी सड़कों पर बहने से स्थानीय निवासियों, दुकानदारों, राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का

■ विधायक भदेल ने अपने संबोधन में कहा कि जनता की समस्याएं उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं और उनका समाधान उनकी जिम्मेदारी है

सामना करना पड़ता था। नाले के निर्माण से क्षेत्रवासियों को जलभराव और गंदगी की समस्या से राहत मिलेगी। इस अवसर पर विधायक भदेल ने अपने संबोधन में कहा कि जनता की समस्याएं उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं और उनका समाधान उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य आमजन के जीवन को सुगम बनाना है और इसी सोच के साथ विधानसभा क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान विधायक भदेल ने सनातन संस्कृति के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश देती है और मानव मूल्यों पर आधारित विश्व की प्राचीनतम संस्कृति है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि वर्तमान समय में सामाजिक माध्यमों और पाश्चात्य प्रभाव के कारण युवा अपनी सांस्कृतिक जड़ों से दूर हो रहे हैं। ऐसे में माता-पिता, शिक्षक और समाज का दायित्व है कि बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से परिचित कराएं। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस विकास कार्य के लिए विधायक भदेल का आभार व्यक्त किया।

## भाजपा ने महेश मेहरा को फिर सौंपा नसीराबाद मंडल का नेतृत्व

■ एडवोकेट महेश मेहरा को पुनः नसीराबाद शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद संगठन में उत्साह और ऊर्जा का माहौल बन गया

**नसीराबाद, ( निसं )।** भारतीय जनता पार्टी के नसीराबाद शहर मंडल को एक बार फिर अनुभवी नेतृत्व सौंपा गया है। अजमेर जिला भाजपा देहात अध्यक्ष जीतमल प्रजापत द्वारा एडवोकेट महेश मेहरा को पुनः नसीराबाद शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद संगठन में उत्साह और ऊर्जा का माहौल बन गया। नियुक्ति की घोषणा होते ही नसीराबाद के भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष महेश मेहरा का जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की, माल्यार्पण किया और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि महेश मेहरा के पास संगठनात्मक अनुभव के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की क्षमता है। उनके नेतृत्व में भाजपा की नीतियां, कार्यक्रम और जनकल्याणकारी योजनाएं आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचेंगी।

**महेश मेहरा को पुनः** मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर बाबू मेहरा, महेश सौदें, उषा पथरिया, एडवोकेट नवाब कुरैशी, अमित मेहरा, सुरेश सांखला, एडवोकेट हंसराज चौधरी, प्रदीप अग्रवाल, दीपक साहू, एडवोकेट धर्मेंद्र जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि महेश मेहरा के नेतृत्व में नसीराबाद शहर में भाजपा संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

### सार-समाचार

## अजमेर विद्युत वितरण निगम की खेलकूद प्रतियोगिताओं का रंगारंग शुभारंभ

**अजमेर/ राजसमंद, ( निसं )।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की निगम स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य एवं रंगारंग शुभारंभ 22 जनवरी को लाल बाग, नाथद्वारा स्थित श्री दामोदर लाल जी महाराज स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर, राजसमंद अरुण कुमार हासिजा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि अजमेर डिस्कॉम के निदेशक (तकनीकी) एम. सी. बाल्दी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयपुर संभाग के मुख्य अभियंता इंदर राज मीना ने की। अन्य अतिथियों में नाथद्वारा नगरपालिका आयुक्त सौरभ कुमार जिंदल, अधीक्षण अभियंता एच. आर. कालेर, अधीक्षण अभियंता एस. एस. धनखड़ सहित अजमेर निगम के विभिन्न वृतों के अधीक्षण अभियंता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत राजसमंद के अधीक्षण अभियंता बी. एस. शर्मा एवं विद्युत परिवार के सदस्यों द्वारा साफा-पगड़ी पहनाकर एवं उपर्णा ओढ़ाकर किया गया। जिला कलेक्टर हासिजा ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा पूरे राजसमन्द विद्युत परिवार द्वारा किए गए इस वृहद आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इन खेलकूद प्रतियोगिताओं में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत नागौर, सीकर, झुंझुनूं, डीडवाना-कुचामन, अजमेर वृत, अजमेर कॉरपोरेट, ब्यावर, भीलवाड़ा, चित्तौड़, राजसमन्द, उदयपुर, सलूंबर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, डूंगरपुर एवं टी.सी.सी. उदयपुर की कुल 16 टीमों के लगभग 600 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिताओं के उद्घाटन दिवस पर रस्साकस्सी, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम एवं शतरंज सहित विभिन्न खेलों के रोमांचक मुकाबले आयोजित हुए।

## अनुसूचित जाति विभाग की दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**अजमेर, ( कासं )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की दो दिवसीय कार्यशाला जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रदेशभर से अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्षों एवं प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने भाग लिया। अजमेर जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष सौरभ यादव ने बताया कि बैठक में मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही एसआईआर से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी कार्ययोजना तय की गई। कार्यशाला का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना तथा समाज से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने की रणनीति बनाना रहा। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष ममता भूपेश बैरवा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय समन्वयक एवं पूर्व गृह मंत्री मध्यप्रदेश महेंद्र बौद्ध तथा राजेश शेरसिया उपस्थित रहे। महेंद्र बौद्ध ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मनरेगा आमजन का कानूनी अधिकार है, लेकिन वर्तमान सरकार इसे सीमित कर अपने नियंत्रण में रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि पहले काम मांगने पर 15 दिन में रोजगार देना सरकार की बाध्यता थी, अब बजट और सीमा के आधार पर काम दिया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ममता भूपेश बैरवा ने कहा कि कांग्रेस शासन में मनरेगा की मजदूरी का 100 प्रतिशत भुगतान केंद्र सरकार करती थी, जबकि वर्तमान में मोदी सरकार ने नए प्रावधानों के तहत 60-40 का अनुपात तय कर दिया है, जिससे राज्य सरकारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। कार्यशाला में अजमेर दक्षिण विधानसभा से कांग्रेस विधायक प्रत्याशी द्रौपदी कोली, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आर.सी. सामरिया, देहात कांग्रेस अध्यक्ष रामनिवास केडिया, धर्मेंद्र नागवाल सहित सातों संभागों के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अंराई में खाद्य लाइसेंस शिविर, 75 आवेदन प्राप्त, अधिकांश मौके पर जारी

**अजमेर, ( कासं )।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान, जयपुर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत विभिन्न नवाचारों की श्रृंखला में बुधवार को पंचायत समिति अराई परिसर के सभागार में खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर डॉ. ज्योत्सना रंगा ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 75 खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश को ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण कर मौके पर ही जारी कर दिया गया। इससे स्थानीय खाद्य कारोबारकर्ताओं को बड़ी राहत मिली और उन्हें एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हो सकीं। शिविर में उपस्थित खाद्य कारोबारकर्ताओं को व्यंजनों में मोटे अनाज के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही खाद्य स्वच्छता, कार्यस्थल की नियमित साफ-सफाई, कूड़ेदान के अनिवार्य उपयोग तथा लाइसेंस की प्रति दुकान के काउंटर पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि इन मानकों का पालन करने से न केवल खाद्य गुणवत्ता बेहतर होगी बल्कि उपभोक्ताओं का विश्वास भी बढ़ेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार त्रिपाठी शिविर में उपस्थित रहे और उन्होंने आवेदन प्रक्रिया, नियमों तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी। शिविर के सफल आयोजन में पंचायत समिति प्रशासन तथा व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रकाश भगनानी और कोषाध्यक्ष अमित जैन का व्यवस्था संचालन में सराहनीय सहयोग रहा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नियमानुसार प्रत्येक खाद्य कारोबारकर्ता के लिए खाद्य पदार्थों के विक्रय, निर्माण, भंडारण एवं परिवहन के लिए खाद्य लाइसेंस या पंजीकरण लेना अनिवार्य है।

## यूनेस्को टेम्पल का दो दिवसीय तृतीय पाटोत्सव का ध्वजारोहण से आगाज

**भीलवाड़ा( निसं )।** जिला यूनेस्को एसोसिएशन भीलवाड़ा के तत्वावधान में भीलवाड़ा शहर के नजदीक स्थित देवछाया विहार कॉलोनी में यूनेस्को टेम्पल परिसर पर बसंत पंचमी महोत्सव एवं सरस्वती मंदिर का तृतीय पाटोत्सव के 2 दिवसीय समारोह का यूनेस्को के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया गया। यूनेस्को के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने बताया कि यूनेस्को टेम्पल पर तीसरी बार आयोजित होने वाले बसंत पंचमी महोत्सव एवं तृतीय पाटोत्सव समारोह को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। समारोह को बड़ी धूमधाम से मनाते हुए आज मां सरस्वती की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार कर फूलों से सझाया गया। इस अवसर पर जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, जिला सचिव जगदीशचंद्र मुंदडा, जिला उपाध्यक्ष पुष्पा सुराणा, कोषाध्यक्ष विशाल , संगठन मंत्री कमलेश , राजेश , विद्यासागर, रामचंद्र , वकिल बंजारा, कन्हैयालाल सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## जिला कलेक्टर ने आमजन से की अपील

**भीलवाड़ा( निसं )।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में चार चरणों में विविध कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में द्वितीय चरण के अंतर्गत दिनांक 19 से 26 जनवरी, 2026 तक जिला, उपखंड एवं पंचायत स्तर पर वंदे मातरम्-150 थीम पर विभिन्न रचनात्मक, सांस्कृतिक एवं सहभागितामूलक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं ।

# कांग्रेसियों ने लिखा मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र

■ झुठी आपत्ति प्रस्तुत करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग

**अजमेर( निसं )** । अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता ने राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन को पत्र लिखकर अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में सत्ताधारी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के बी एल ए 2 द्वारा कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में वैध मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फर्जी आपत्ति प्रस्तुत करने पर उच्च स्तरीय जांच करवाने की मांग की है।

कांग्रेसी नेता रलावता ने बताया कि देश के प्रत्येक नागरिक के मताधिकार को सुरक्षित रखना हमारा दायित्व है। हमे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे। परंतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजनीतिक हित साधने के उद्देश्य से मतदाता सूचियों से सैकड़ों नाम काटने या जोड़ने के लिए बीएलओ पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विशेष पुनर्निरीक्षण अभियान के तहत निर्वाचन विभाग द्वारा नियुक्त बीएलओ द्वारा मतदाता सूची 2002 से मिलान कर सूची मैपिंग कर मतदाता सूची का के प्रारूप का प्रकाशन किया गया था मतदाता सूची के अधिकृत प्रारूप के प्रकाशन के बाद सत्ता धारी राजनीतिक दल के बी एल ए 2 द्वारा आपत्ति प्रस्तुत करना बेमानी है । बीएलओ द्वारा प्रमाणित करने के बाद भी फॉर्म नंबर 7 प्रस्तुत करने का कोई औचित्य नहीं है। फॉर्म नंबर 7 की सत्यता की जांच कर ही नाम हटाए जाएं तथा असत्य जाने पर पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कराया जाए।

## विराट हिन्दू सम्मेलन के लिए घर-घर जनसंपर्क

**अजमेर,( कासं )।** सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में आगामी सोमवार 26 जनवरी 2026 को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन सायं 4 बजे से 6 बजे तक गौतम स्कूल, हाथी भाटा, अजमेर में आयोजित होगा।

सम्मेलन को लेकर आयोजकों द्वारा बस्तियों में घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि वर्तमान समय में आध्यात्मिक हिन्दू जागरण को नई ऊर्जा और चेतना देने तथा सनातन संस्कृति, सनातन धर्म और सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से इस विराट सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज में एकजुटता की भावना को सुदृढ़ करना और समाज को संगठित स्वरूप में आगे बढ़ाना है।

## भव्य हिन्दू महासम्मेलन का आयोजन

**ब्यावर ( निसं )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर बलाड़ रोड बस्ती में श्री मकरध्वज बालाजी तीर्थधाम के पीठाधीश्वर महंत श्री प्रकाश नाथ जी महाराज जी के पावन सानिध्य में भव्य हिन्दू महासम्मेलन का आयोजन किया गया । जिसके अंतर्गत भव्य सनातन हिंदू चेतना शोभायात्रा निकाली गई एवं जिसमें कि कई प्रकार की हिंदू धर्म से संबंधित पवित्र देवी देवताओं की दिव्य झांकियां निकाली गई। शोभायात्रा की जगह जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया । शोभायात्रा का समापन केनेवरी माता जी मंदिर किया गया जहां विशाल हिंदू धर्म सभा का आयोजन हुआ। हंसराज शर्मा ने बताया कि धर्म सम्मेलन सभा में पधारे सभी मुख्य अतिथि एवं मंचासिन अतिथियों का स्वागत किया गया।


**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मनीषा मीना पुत्री ओमप्रकाश मीना की ग्राम घूघरा के खसरा नंबर 839 (पुराना) एवं 547, 548 (नया) भूखंड संख्या 50 में क्षेत्रफल 203.50 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है।उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन की कार्यवाही कर दी जाएगी। -उपायुक्त (उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

**NAME CHANGE**

I Nirmala Kumari Mother of Army No. 15779415M, Hav, Ravi Deo Residing of Vill:- Ranisarai, Po:- Bakhtiyarpur, Tehsil:-Bardh, District-Patna, Bihar, Pin-803212 have change my name from Nirmala Devi to Nirmala Kumari vide affidavit No. CA923999 dated 22/01/2026 before court campus Nasirabad


# राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में मलेरिया अनुसंधान प्रयोगशाला का उद्घाटन

**अजमेर, ( कासं )।** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय ने संक्रामक रोगों के अनुसंधान को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के जीवन विज्ञान संकाय में मलेरिया परजीवी की प्रयोगशाला संवर्धन सुविधा युक्त जैव सुरक्षा स्तर-दो प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया। इस अत्याधुनिक प्रयोगशाला का उद्घाटन कुलपति आनंद भालेराव ने किया।

यह सुविधा भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा वित्तपोषित परियोजना के अंतर्गत स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य दवा प्रतिरोधी मलेरिया परजीवी पर अनुसंधान, औषधि परीक्षण और प्रतिरोध अध्ययन को बढ़ावा देना है।



विश्वविद्यालय के जीवन विज्ञान संकाय में प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किया ।

परियोजना के प्रमुख अन्वेषक धनेश्वर प्रूस्ति तथा सह-प्रमुख अन्वेषक तरुण भट्ट हैं। कार्यक्रम के दौरान सूक्ष्म जीव विज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर आधारित पुस्तक का भी विमोचन किया गया, जिसका संपादन सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य निधि पारीक ने किया है। कुलपति आनंद भालेराव ने कहा कि जीवन विज्ञान संकाय विश्वविद्यालय के लिए अनुसंधान और

■ संक्रामक रोगों के शोध को मिलेगी नई दिशा

प्रतिस्पर्धी अनुदानों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। जैव सुरक्षा स्तर-दो जैसी प्रयोगशालाएं भविष्य के शोधकर्ताओं के लिए स्थायी संपत्ति सिद्ध होंगी। धनेश्वर प्रूस्ति ने बताया कि मलेरिया के विरुद्ध वैश्विक प्रयासों के बावजूद यह रोग आज भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्थापित यह प्रयोगशाला मलेरिया-रोधी अनुसंधान और औषधि खोज के क्षेत्र में विश्वविद्यालय को अग्रणी भूमिका प्रदान करेगी।

# स्वर्णकार समाज के उत्थान व सुरक्षा हेतु मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

■ स्वर्णकला बोर्ड गठन सहित कई अहम मांगें

**मकराना( निस )।** राजस्थान में स्वर्णकार समाज की वर्षों से चली आ रही सामाजिक, आर्थिक एवं कानूनी समस्याओं के समाधान तथा समाज के समग्र उत्थान की मांग को लेकर श्री मैढ़ क्षित्रय स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स एसोसिएशन की डीडवाना-कुचामन जिला शाखा की ओर से मुख्यमंत्री महोदय को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मूलचन्द तोषावड़ व जिला महामंत्री विनय सोनी ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि स्वर्णकार समाज राजस्थान का एक प्राचीन, परंपरागत एवं कौशल-आधारित समाज है, जो पीढ़ियों से स्वर्णकारी कला के माध्यम से न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती देता आ रहा है, बल्कि रोजगार सृजन, सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक हस्तशिल्प के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके बावजूद वर्तमान समय में स्वर्णकार समाज को अनेक गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिन पर अब तक अपेक्षित सरकारी ध्यान नहीं दिया गया।

उन्होंने बताया कि श्री मैढ़ क्षित्रय स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स एसोसिएशन राजस्थान के प्रधान संस्थापक हंसराज कडेल की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में समाजहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार से स्वर्णकार समाज के विकास, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु ठोस और दीर्घकालिक नीतिगत निर्णय लेने की मांग की गई। ज्ञापन में समाज के आदि पुरुष अजमीढ़ जी महाराज के नाम से एक स्वतंत्र स्वर्णकला बोर्ड के गठन की मांग प्रमुखता से उठाई गई। बताया गया कि इस बोर्ड के माध्यम से स्वर्णकारी परंपरा का संरक्षण, कारीगरों के हितों की रक्षा, आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण, रोजगार सृजन तथा कारीगरों के कौशल उन्नयन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा।

## "अवधि से अयोध्या तक" चित्र प्रदर्शनी कल से

**भीलवाड़ा( निसं )।** स्थानीय आकृति कला संस्थान भीलवाडा एवं "जवाहर फाउण्डेशन" के सहयोग से दिनांक 16 से 21 जनवरी तक "अरिंदम" कला शिविर में निर्मित्त कृतियों की विशाल कला प्रदर्शनी "अवध से अयोध्या तक" 24 से 28 जनवरी 2026 तक वकील कोलोनी स्थित आकृति आर्ट गैलेरी में लगाई जायेगी। इस कला प्रदर्शनी में वरिष्ठ कलाकारों में गोवर्धन सिंह पंवार, श्रीमति मंजू मिश्रा, इकबाल हुसैन, सत्यनारायण सोनी, लोकेश जोशी, गीताजंलि वर्मा, गोपाल दास वैष्णव, कपिल खन्ना, हेमन्ता मीणा, मुकेश विश्वकर्मा, सत्येश विश्वकर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा, सौरभ सोनी, ज्योति पारीक, कैलाश पालिया के अलावा कृतियों को प्रदर्शित किया जायेगा।

# शहीदों के बलिदान को कभी विस्मृत न करें : दीप्ति शर्मा

**अजमेर, ( कासं )।** हिंद सेवा दल की ओर से नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती एवं संस्था के 40वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को सूचना केंद्र में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अवॉर्ड सम्मान समारोह भी संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त संभागीय आयुक्त दीप्ति शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी हनुमानदयाल बंसल रहे। अतिथियों ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि दीप्ति शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि आज की नई पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों और देश को आज़ादी दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले महापुरुषों को सदैव स्मरण रखना चाहिए। उनके जीवन से



सूचना केंद्र में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

देशभक्ति, त्याग और समर्पण की प्रेरणा मिलती है। दल के अध्यक्ष आर. के. महावर ने बताया कि इस अवसर पर देशभक्ति से परिपूर्ण रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में पुष्पा क्षेत्रपाल एवं अन्य कलाकारों द्वारा नेताजी पर आधारित लघु नाटक प्रस्तुत किया गया। सतगुरु स्पीटर स्कूल के बच्चों ने गुंजन सिरवटे के नेतृत्व में देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। जगदीश नागर ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डाला।

नृत्य कलाकार अशोक शर्मा ने राजस्थान की रणभूमि पर आधारित नृत्य से समां बांध दिया। ऑरेंज प्ले स्कूल के बच्चों ने तिरंगा लेकर स्केटिंग

■ नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पर सूचना केंद्र में देशभक्ति कार्यक्रम, समाजसेवियों का हुआ सम्मान

और रिंग कला का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। महिलाओं के समूह ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया। मंच संचालन सोमरत्न आर्य ने किया, जबकि हिंद सेवा दल की गतिविधियों की जानकारी अनिल चांवरिया ने दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। आभार दिनेश शर्मा सहारा ने व्यक्त किया।

**सम्मानित किए गए व्यक्ति:** डॉ. पीयूष अरोड़ा, डॉ. निलीनी बाघ, प्रकाश खन्ना, बाला मेवाड़ा, रामकिशन गुर्जर, आभा गांधी, विशाल माथुर, रेखा ओझा, लक्ष्मी शर्मा, कमल गर्ग, शांति अग्रवाल, पूर्णिमा शर्मा, अनिल शर्मा, विजय हंसराजानी, रघुवीर सिंह।


**कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़ जिला - अजमेर (राज)**

क्रमांक / नपकि / स्टोर / 2026 / 409 | दिनांक 19.01.2026

**निविदा सूचना संख्या - 17 स्टोर/ 2026-27**

नगर परिषद किशनगढ की ओर से स्टोर शाखा में वर्ष 2026-27 में विभिन्न कार्यो हेतु नियमानुसार निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा तिथि समय एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

यूबीएन नं. DLB2526B0486 | सभापति नगर परिषद, किशनगढ़ | आयुक्त नगर परिषद, किशनगढ़

राज.संवाद / सी / 25 / 18291

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक- न.पा.बि./निमार्ण स्वी./2025/5825 | आम सूचना | दिनांक:22-01-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 189 | विमला देवी पत्नि विनोद कुमार छाजेड़ | आबादी मौहल्ला पावर हाउस के पास सथाना बाजार ब्लॉक सं. 10/1023 भू.सं. 06 | 125.41 SQ.MTR | व्यवसायिक |

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक- न.पा.बि./निमार्ण स्वी./2025/5822 | आम सूचना | दिनांक:22-01-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 190 | 1.नथूमल आसवानी पुत्र आलूमल 2. भारती द्रोपदी देवी पत्नि नथूमल 3. द्रोपदी पत्नि नन्दलाल सिन्धी | प्राज्ञनगर बरल द्वितीय ख.सं. 790 व 792 भू.सं. 03, 04 व 35, 36 | 1040.48 SQ.MTR | व्यवसायिक |

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक- न.पा.बि./निमार्ण स्वी./2025/5828 | आम सूचना | दिनांक:22-01-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 191 | सपना बैरवा पत्नि बसंतकुमार बैरवा | महाराणा प्रतापनगर ख.सं. 151/1,152 /2,160 ,161 व 165/2 भू.सं. 105 | 116.125 SQ.MTR | आवासीय |
| 192 | कुशल गोस्वामी पुत्र देवीलाल गोस्वामी | महादेव विस्तार कॉलोनी ख.सं. 1014/244,1015 /244,1017/1011,1023/1013 भू.सं. 34 | 167.21 SQ.MTR | आवासीय |

-अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.), अजमेर**

tdr.ajmer@rajasthan.gov.in | tdrajmer@gmail.com

क्रमांक : भू०अ०/135-2/2026/374 | सार्वजनिक सूचना | दिनांक-22.01.26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि-प्रार्थी श्री असराफ पुत्र भोमा निवासी ग्राम हटुण्डी ने पण्डित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा-2025 में दिनांक 07.07.2025 को कैंप हटुण्डी में शिविर प्रभारी को एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम हटुण्डी के खाता नं० 205 के ख०न०1597 रकबा 0.1500, 1598 रकबा 0.1500, 1600 रकबा 0.1100 के 1/5 हिस्से की खातेदार महफूल पत्नी नसीबा जाति चीता निवासी ग्राम हटुण्डी द्वारा प्रार्थी के पक्ष में की गई अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 31.10.2018 के आधार पर नामान्तरण दर्ज करवाने हेतु निवेदन किया है। अतः यदि प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 31.10.2018 को अंतिम मानते हुए उसके आधार पर उक्त वसीयतनामें के अनुसार ग्राम हटुण्डी के खाता नं० 205 के ख०न० 1597 रकबा 0.1500, 1598 रकबा 0.1500,1600 रकबा 0.1100 के 1/5 हिस्से की खातेदार महफूल पत्नी नसीबा की भूमि का नामान्तरकरण किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो विवरण सहित इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने पर कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी तथा विधि सम्मत आदेश पारित कर दिया जायेगा। सूचित रहे।

-तहसीलदार, अजमेर